तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 14.2 डिग्री

# हरिभूमि जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 27 अक्टूबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



अवैध धान खरीदी को लेकर प्रशासन सख्त, बार्डर पर रहेगी पैनी नजर

4




## खबर संक्षेप

### पीएम के खिलाफ टिप्पणी करने पर शिक्षक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** प्रधान मंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया फेसबुक पर आपत्तिजनक टिपण्णी करने के मामले में पुलिस ने शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि शासकीय प्राथमिक शाला मक्याठी के सहायक शिक्षक ईश्वरी प्रसाद टंडन प्रधानमंत्री के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी के कार्रवाई करते हुए शिक्षक को निलंबित कर दिया था जबकि भाजपा कार्यकर्ता बकड़ीमहरी निवसी विजय प्रताप सिंह द्वारा इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने शिक्षक जांजगीर चांपा निवासी 47 वर्षीय ईश्वरी प्रसाद टंडन आ. स्व. राजकुमार टंडन के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 352, 353(1), 363(1), (353) के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### सूने मकान में चोरों का धावा परिवार गया था छठ मनाने

**लखनपुर।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे है जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। एक बार फिर चोरों ने सूने मकान में लगे आठ तालों को तोड़कर वारदात को अंजाम दिया है। चोर नगदी जेवर समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। फिलहाल पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम केवरा निवासी रामाश्रय सिंह आ. भागीराथी सिंह अपने पूरे परिवार के साथ छठ पर्व मनाने के लिए तीन दिन पूर्व अम्बिकापुर गए हुए थे। इस दौरान 25 अक्टूबर की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली सीमा सिंह पति स्व. मदन सिंह ने मकान का ताला टूटा देखा तो इसकी जानकारी मकान मालिक को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद परिवार अपने घर पहुंचा।

### चरित्र शंका पर पत्नी की डंडे व ईंट से वार कर हत्या

**राजपुर।** चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। मृतिका को अंधेरे में किसी से बात करते सुनने के बाद युवक ने आक्रोशित होकर डंडे व ईंट से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता हासिल की। बताया जा रहा है कि बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम घटगांव डकईव्यौरा निवासी 28 वर्षीय शिव कुमार आ. रतिराम पहाड़ी कोरवा अपनी पत्नी हिरामनी व तीन छोटे बच्चों के साथ रहता था जबकि उसकी मां सुमित्री पहाड़ी कोरवा अलग घर में रहती थी। 23 अक्टूबर की रात 10 बजे शिव कुमार और हीरामनी के बीच किसी बात को लेकर विवाद और शोरगुल हो रहा था। विवाद बढने पर युवक ने पत्नी की पिटाई शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर जब युवक की मां बीच बचाव करने गई तो युवक ने अपनी मां को भी ईंट से मारने के लिए दौडाया जिसपर महिला युवक के तीन बच्चों को लेकर भाग गई और जाकर गांव के रतिराम के घर में सो गई।

### अवैध धान परिवहन की रोकथाम हेतु टीम गठित

**बलरामपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन एवं निराकरण के सुचारू संपादन एवं संभावित अवैध परिवहन रोकथाम एवं निगरानी तथा रिसाईकलिंग को नियंत्रित किए जाने हेतु विपणन संघ मुख्यालय स्तर पर कमांड एण्ड कण्ट्रोल सेन्टर की स्थापना की गई है। जिला स्तर पर अवैध धान परिवहन एवं धान उपार्जन की निगरानी करने हेतु तथा प्राप्त अलर्ट के समाधान हेतु जिला स्तरीय एकीकृत कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर टीम-उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिसमें अतिरिक्त कलेक्टर चेतन बोरघरिया, खाद्य अधिकारी विनय कुजूर, सहायक पंजीयक सुरेश पैंकरा, सहकारी संस्थायें ,उप संचालक (कृषि) रामचंद्र भगत, जिला विपणन अधिकारी सुश्री प्रीतिका पूजा केरकेट्टा, जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम दिनेश ओझा नोडल अधिकारी, जिला सह. केन्द्रीय बैंक सचिव अरविन्द श्रीवास्तव, कृषि उपज मण्डी रामानुजगंज मालिक राम पोर्ते, ई-जिला प्रबंधक देवा कश्यप टीम में शामिल हैं।

# रानीदाह में प्रकृति व सुंदर झरनों का आनंद ले रहे पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की हरी-भरी पहाड़ियों और घने साल के जंगलों के बीच स्थित रानीदाह जलप्रपात जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता का एक अद्भुत प्रतीक है। यह झरना जशपुर नगर से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

ख़ूबसूरत सड़कों से होकर जब कोई इस स्थल तक पहुँचता है, तो सामने फैली हरियाली, चट्टानों से गिरता दूधिया जल और पक्षियों की आवाज़ें मिलकर एक अविस्मरणीय दृश्य प्रस्तुत करती हैं। बरसात के मौसम में रानीदाह अपने पूरे





वैभव पर होती है, जब पानी कई धाराओं में बँटकर ऊँची चट्टानों से नीचे गिरता है। गर्मी के मौसम में जल प्रवाह भले थोड़ा कम हो जाए, लेकिन आसपास की प्राकृतिक शांति और वातावरण का सौंदर्य हमेशा समान रूप से मनमोहक रहता है।

रानीदाह जलप्रपात केवल प्राकृतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि अपनी लोककथाओं और रहस्यमयी कहानियों के कारण भी प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि बहुत समय पहले ओडिशा की एक राजकुमारी, रानी शिरोमणि जशपुर की इन पहाड़ियों में आ पहुँची थीं। जब उसके पिता और पाँच भाई उनका पीछा करते हुए यहाँ पहुँचे, तो रानी ने अपमान और जबरन विवाह से बचने के लिए इसी गहरी खाई में छलांग लगा दी और अपने प्राण त्याग दिए। उसी समय से यह झरना "रानीदाह" के नाम से जाना जाने लगा, जिसका अर्थ है "रानी का जलप्रपात।" कहा जाता है कि झरने के पास स्थित कुछ चट्टानें "पाँच भैया" के नाम से जानी जाती हैं, जो रानी के भाइयों के प्रतीक माने जाते हैं। यह कथा आज भी स्थानीय लोगों के बीच पीढ़ी दर पीढ़ी सुनाई जाती है और इस स्थल को एक रहस्यमयी और भावनात्मक पहचान देती है। पर्यटकों के लिए रानीदाह जलप्रपात एक शांत और मनोरम पिकनिक स्थल है।

## नए नियम एग्रीस्टेक व शून्य दिख रहे फसल विवरण ने उलझाया

# धान खरीदी को लेकर प्रशासन व किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

खरीफ धान फसल 2024-25 खरीदी में किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.शासन के नये फरमान ऐग्रिस्टेक के बाद किसानों का फसल विवरण शून्य दिख रहा हैं। ऐसे में उनके अन्य वर्षों में बेचे जाने वाले रकबे के अनुसार धान नहीं बेच सकते.किसानों का कहना है कि उनके द्वारा इस वर्ष अधिक वर्षा होने के कारण टिकरा खेतों में धान की पैदावार बड़ी मात्रा में लिया गया है.ऐसे में विभागीय पोर्टलों में सुधार के बावजूद रकबा शून्य होने से उन्हें इस वर्ष धान बेचने से वंचित होना पड़ेगा।

किसानों की माने तो इस वर्ष बिना जानकारी के गिदावरी कार्य पटवारियों से नहीं कराया गया.बल्कि कागजी कार्यवाही को आधार मानकर मनमाने तौर पर इसका आंकलन करवाया गया.जिससे उनके रकबे में धान की जगह मक्का,तुअर,मूंगफली सहित अन्य दलहन फसलों का जिक्र हैं. इसके साथ ही कई बड़े-बड़े रकबा गायब हो गये हैं. जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई हैं।किसानों का कहना है कि कोतबा क्षेत्र में मुख्य रूप से धान के फसल का बड़े पैमाने पर पैदावार किया जाता है.उसके बावजूद उन रकबों पर अन्य फसलों का उल्लेख किया गया हैं. जिसका सुधार के बाद गायब हो गया हैं. और वे बार-बार राजस्व अमला के दफ्तरों का चक्कर लगा रहें है। दरअसल, खाद्य विभाग के पोर्टल पर अधिकतर खसरा नंबर मौजूद ही नहीं हैं। इससे भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू ही नहीं हो पा रही है।बताया जाता है कि₹ऐप तो बना है,पर डेटा नहीं है.ऐसे में समय-सीमा के अनुसार उनके फसलों का सुधार होने बड़ा मुश्किल लग रहा है। सूत्रों के अनुसार इधर, भुईया पोर्टल पर शासन ने ₹नवीन फसल प्रविष्टि₹ पहले ही बंद कर रखी है। ऐसे में पटवारियों के सामने दोहरी चुनौती खड़ी हो गई है, एक तरफ दावा-आपत्ति की तात्कालिक कार्यवाही का दबाव, दूसरी ओर ऑनलाइन सिस्टम की बंद रहें। उधर किसानों को एग्रीस्टेक करा कर धान पंजीयन की बात की गयी है जिसमें हज़ारों खामियां हैं।

### दावा-आपत्ति के चक्रव्यूह में फंसा राजस्व अमला

इस वर्ष किसानों का आरोप है कि वे बार-बार पटवारी सहित राजस्व विभाग के दफ्तरों का चक्कर लगा रहे है बावजूद उनके फसलों व रकबों का सुधार नही हो रहा ऐसे में शासन से सीधा सवाल है कि इस साल धान खरीदी होगी तो होगी कैसे। किसानों का कहना है कि बिना जानकारी के फसल विवरण निकाल के शून्य फसल दिख रहें है.उनका आरोप है कि जमीनी स्तर पर इसका गिदावरी आंकलन करना था जो नही किया गया। ऐसे में किसान खाद्य विभाग के पोर्टल या भुईयां₹ प्रणाली में अब किसान फंस रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी से पहले ग्राम सभाओं में प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के लिए जारी आदेश अब मैदान में चक्रव्यूह बनकर उभर रहा है। राजस्व सचिव ने निर्देश दिए हैं कि सभी आपत्तियों का निराकरण खाद्य विभाग के भौतिक सत्यापन ऐप के माध्यम से 31 अक्टूबर तक किया जाए। आदेश आधुनिक और तकनीकी दृष्टि प्रभावशाली तो दिख रहा है, पर ज़मीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

### फसल सुधार बंद

ईधर किसानों के फसल सुधार पूरी तरह है बंद केवल एक फसल से दूसरे फसल मे ही परिवर्तन है संभव। फील्ड स्तर पर काम कर रहे कर्मचारी कहते हैं कि ₹सिस्टम में खसरा नंबर ही नहीं है, तो ऐप में सत्यापन कैसे करें?₹ राजस्व विभाग के अधिकारी भी उलझन में हैं कि आदेश का पालन कैसे कराया जाए या आदेश को ही ₹दावा-आपत्ति₹ में डाल दिया जाए। सूत्रों के अनुसार, कई जिलों से इस स्थिति की जानकारी राज्य स्तर पर भेजी जा चुकी है, लेकिन राजस्व अमला का रास्ता अब भी बंद है।ऐसे में प्रशासन निर्धारित समय सीमा को बढ़ाकर पोर्टल ऐप पर डेटा गायब को सुधारने का कोई विकल्प निकलता है तो ही किसानों को शासन के मंशानुरूप या लक्ष्य के अनुसार सुविधाजनक धान खरीदी संभव है।

### किसानों के सामने चुनौती

1. नया पंजीयन कैसे होगा.
2.वारिशान पंजीयन कैसे होगा
3. नया खसरा नंबर कैसे जुड़ेगा
3. एग्रोस्टेक अप्रूवल किससे होगा ?? पटवारी ना तहसीलदार किसी के पास नहीं जा रहा और समय बहुत ले रहा है
4. अगर एक किसान का 3 गांव मे खाता है तो उसको जोड़वाने वो 2-3 महीना से चक्कर लगा रहा है !!

### निश्चिंत रहें किसान

ये प्रक्रिया जो साफ्टवेयर के तहत हुआ है। गिदावरी में फसल का जिक्र हैं और अन्य फसलें उल्लेख है तो सुधार कर उन किसानों के धान खरीदी की जाएगी। कुछ तकनीकी कारणों से फसलों का उल्लेख नहीं दिख रहा हैं। जिसके लिये राज्य स्तर पर सुधार कार्य पर लगे हुये है। धान खरीदी के पूर्व सुधार कर लिया जायेगा। ऐसे प्रभावित किसानों की सूची मिल जाये तो इसकी जांच कराकर सुधार कार्य किया जाता है। किसान निश्चिंत रहें कि पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों को बिना परेशानियों के धान खरीदी की जायेगी।

# छठ पूजा की तैयारियों में जुटे श्रद्धालु, घाटों पर उमड़ी भीड़



**पत्थलगांव।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों ने पूरे नगर का माहौल भक्ति और उल्लास से भर दिया है। खरना के दिन दोपहर से ही बड़ी संख्या में छठव्रती महिलाएं और श्रद्धालु पूरन तालाब सहित प्रेमनगर छठ घाट पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजन-पाठ कर घाट बांधने की प्रक्रिया शुरू की। छठव्रती महिलाओं ने पवित्र स्नान कर सूर्य देव की उपासना के इस महापर्व का शुभारंभ किया।

■ कछठव्रती महिलाओं ने पवित्र स्नान कर की सूर्य देव की उपासना

पूजा-अर्चना के उपरांत महिलाएं घाट से घर लौटकर खरना की पारंपरिक विधि निभाएंगी। छठ पर्व का औपचारिक आरंभ शनिवार को नहाए-खाए से माना जाता है।श्रद्धालु घरों में शुद्धता और पवित्रता के साथ छठ प्रसाद की तैयारी में जुट गए हैं। पर्व के अंतर्गत सोमवार की संध्या को संध्या अर्घ्य तथा मंगलवार की प्रातःकालीन बेला में उषा अर्घ्य अर्पित किया जाएगा।पूरे नगर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। छठ समिति पत्थलगांव द्वारा घाटों पर सुरक्षा, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। घाटों पर महिलाएं, बच्चों और युवाओं में भी छठ महापर्व को लेकर उत्साह और उमंग का आलम देखने को मिला।

# जशपुर की 50 बालिकाएं बनीं नगर सैनिक, बनीं प्रेरणा की मिसाल




**जशपुरनगर।** डीएमएफ (जिला खनिज न्यास निधि) का सही उपयोग कैसे अंधेरे में प्रकाश की किरण बन सकता है, इसका उत्कृष्ट उदाहरण जशपुर जिले ने पुनः प्रस्तुत किया है। 25 अक्टूबर को अंबिकापुर में नगर सेना के प्रशिक्षु सैनिकों की पासिंग आउट परेड का आयोजन हुआ। समारोह के दौरान जब प्रशिक्षु नगर सैनिक गर्व से मस्तक ऊँचा किए, सुसज्जित वर्दी में मंच के सामने से गुजरे, तो वातावरण करतल ध्वनि से गूंज उठा। इस परेड में शामिल 50 छात्राएँ जशपुर जिले के सुदूर वनांचलों एवं ग्रामीण अंचलों से आती हैं। इन सभी ने जशपुर जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद से संचालित 'नव संकल्प शिक्षण संस्थान' में निःशुल्क शिक्षा, भोजन, आवास एवं शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन छात्राओं ने कठिन परिस्थितियों को पीछे छोड़ अपने परिश्रम और दृढ़ निश्चय से न केवल स्वयं का और अपने परिवार का भविष्य उज्जवल बनाया है, बल्कि जिले की अन्य बालिकाओं के लिए भी प्रेरणा की मिसाल बनी हैं। नगर सैनिक हेमवती, खेमा, रूपा और अमीना जैसी छात्राएँ, जिन्होंने कभी विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए नव संकल्प में प्रवेश लिया था, आज आत्मनिर्भर बनकर समाज सेवा के पथ पर अग्रसर हैं। राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जशपुर की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डीएमएफ के माध्यम से संचालित नव संकल्प जैसी पहल को प्रदेश के अन्य जिलों के लिए अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कहा कि नव संकल्प संस्थान ने अनेक बालिकाओं के जीवन में आशा और आत्मविश्वास का संचार किया है। हमारा प्रयास है कि जशपुर की हर बालिका को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर अवसर मिलते रहें।

# रंजिश में टांगी से जानलेवा हमला आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल




**जशपुर।** आपसी विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि एक ग्रामीण ने अपने ही साथी पर टांगी से जानलेवा वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना चौकी मनोरा क्षेत्र के ग्राम गढ़ियोटोंगरी की है। प्रार्थिया नैहरीन बाई (50) ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 22 अक्टूबर की रात गांव में करमा पर्व के अवसर पर अखड़ा में नाच-गान चल रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर आरोपी ढडुवा उर्फ धूरवा राम (50) और उसके पति धर्मजीत राम के बीच विवाद हो गया। गांव के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया, लेकिन आरोपी धूरवा राम गुस्से में तिलमिलाते हुए घर चला गया। गुस्से से बौखलाया आरोपी टांगी लेकर घर से निकला और रास्ते में धर्मजीत राम का इंतजार करने लगा। देर रात करीब 1 से 2 बजे के बीच, जैसे ही धर्मजीत राम अकेले लौट रहे थे, धूरवा राम ने अचानक रास्ता रोक लिया और गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने टांगी से सिर, जबड़े और पीठ पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। हमले में धर्मजीत राम गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें शासकीय अस्पताल जशपुर में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी धूरवा राम के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(1), 118(1) व 109 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। चौकी मनोरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद पुलिस ने उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टांगी को भी जब्त कर लिया है।

# पुलिस ने छुड़ाए 11 गौवंश, तस्कर जंगल में मवेशी छोड़कर फरार



**जशपुर।** पुलिस का 'ऑपरेशन शंखनाद' लगातार तस्करों पर भारी पड़ रहा है। जिले में गौ तस्करी के खिलाफ चल रहे इस विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 नग गौवंशों को तस्करों के चंगुल से सकुशल मुक्त कराया। जानकारी के अनुसार, 25 अक्टूबर की सुबह लगभग 4 बजे ग्राम पंडरसिली के कोटवार मुन्ना राम ने चौकी सोनक्यारी पुलिस को सूचना दी कि कुछ तस्कर एक पिकअप वाहन में ठूंस-ठूंसकर गौवंशों को भरकर जंगल की ओर ले जा रहे हैं और वहां मवेशियों को उतार रहे हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक वैभव कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल बृंदाटोली जंगल पहुंची। पुलिस ने वहां 11 नग गौवंशों को लावारिस हालत में पाया, जिनके पैरों में रस्सियां बंधी हुई थीं। आरोपी पुलिस की आहट पाकर मौके से भाग निकले, जबकि सभी गौवंशों को पुलिस ने सुरक्षित बरामद कर लिया। इस संबंध में चौकी सोनक्यारी पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। फरार तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार तलाश में जुटी हुई है।

## छठ महापर्व पर सफाई की खुली पोल

# बड़ा तालाब में आ रहा नाले-गटर का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों के बीच जशपुर जिला प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। एक ओर जहां प्रशासन छठ घाटों और तालाबों की साफ-सफाई का दिखावा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर मधुबन टोली और आस-पास के पूरे क्षेत्र के नाली और गटर का दूषित पानी सीधे उसी तालाब में मिल रहा है, जहां सैकड़ों श्रद्धालु छठ व्रत करेंगे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या आज की नहीं, बल्कि हमेशा से चली आ रही है। हर साल प्रशासन तालाब साफ करवाने की औपचारिकता पूरी करके लोगों को गुमराह करने का काम करता है, लेकिन नाले के पानी को तालाब में आने से रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। हालांकि, छठ महापर्व सिर पर होने के कारण यह आश्वासन व्रतियों की तत्काल



चिंता को दूर करने में नाकाफी साबित हो रहा है। स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि पर्व से पहले तालाब के पानी को शुद्ध करने और गंदे पानी के प्रवेश को रोकने के लिए तुरंत आपातकालीन कदम उठाए जाएं।

### शुद्धता पर संकट, व्रतियों में आक्रोश

छठ महापर्व में साफ-सफाई और शुद्धता का विशेष महत्व होता है। नाले के गंदे पानी के तालाब में मिलने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ छठ व्रतियों में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि जिला प्रशासन की इस घोर लापरवाही से उनका व्रत खंडित हो रहा है, क्योंकि प्रदूषित जल में खड़े होकर पूजा करना उनकी आस्था के विपरीत है। व्रतियों का सवाल है कि जब शुद्धता इस पर्व का आधार है, तो प्रशासन ने इतने महत्वपूर्ण तालाब को गंदे पानी से बचाने के लिए स्थाई समाधान क्यों नहीं निकाला?

### जल्द सुधारेंगे व्यवस्था

इस पूरे मामले में जब नगर पालिका सीएमओ से बात की गई तो उन्होंने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा कि नाली के पानी को तालाब में आने से रोकने के लिए फंड (राशि) आ गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस व्यवस्था को सुधार दिया जाएगा और नाले के पानी को तालाब से दूर किया जाएगा।

# ग्राम पंचायत कुनकुरी में स्वच्छता संकल्प कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत रजत जयंती वर्ष 2025-26 के उपलक्ष्य में जिले के पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुनकुरी में आज स्वच्छता संकल्प कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता रैली, स्वच्छता श्रमदान, हाथ धुलाई कार्यक्रम एवं स्वच्छाग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सरिता ठाकुर, ग्राम पंचायत सरपंच क्रांति सिदार, एसआरएलएम प्रतिनिधि निरन एक्का, मनरेगा तकनीकी सहायक नरेन्द्र नागेश्री, तथा उप सरपंच श्री अन्प्रेस एक्का विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्वच्छता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व, ठोस एवं तरल अपशिष्ट




प्रबंधन तथा प्लास्टिक मुक्त ग्राम के लिए प्रेरित किया गया। हाथ धुलाई कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं ग्रामीणों को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के तरीके समझाए गए। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वच्छाग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच क्रांति सिदार ने कहा कि 'स्वच्छता केवल सफाई का कार्य नहीं, बल्कि यह स्वस्थ समाज और उज्जवल भविष्य की नींव है। वहीं सरिता ठाकुर ने सभी ग्रामवासियों से अपने गांव को स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप



### चालक संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल से कई वाहनों के थमे पहिए

**सूरजपुर।** चालक संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से जिले के बड़ी संख्या में यात्री बस सहित अन्य वाहनों के पहिए थम गए। त्यौहार के इस सीजन में यात्री बसों के संचालन ठप हो जाने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इधर पूरे दिन चालक संघ अपनी दस सूत्रीय मांग को लेकर बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश चालक संघ के आह्वान पर आज से जिले में चालक संघ का हड़ताल शुरू हो गया है।चालक संघ अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर न्यू बस स्टैंड में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। चालक संघ की मुख्य मांगों में प्रदेश में शराब बंदी, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड के गठन, ड्राइवर आयोग का गठन सहित दुर्घटना में मुआवजा और ड्राइवर दिवस के अलावा ड्राइवरों के बच्चों को शिक्षा में आरक्षण और हेल्थ कार्ड, पेंशन राशि दिलाए जाने की मांग शामिल है। वहीं माना जा रहा है कि चालक संघ के हड़ताल पर चले जाने से व्यापार पर इसका सीधा असर पड़ेगा। आज दिनभर चालक संघ के हड़ताल होने से अधिकांश यात्री बसे अपनी रूट में नहीं चली जिससे यात्रियों को आवागमन में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### समय पर कार्यमुक्ति नहीं मिलने से राजस्व विभाग के श्रवण का निधन, कर्मचारियों में शोक व आक्रोश

**रामानुजगंज।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में लगभग 25 वर्षों से रीडर के पद पर पदस्थ श्रवण कुमार गोंड का शुक्रवार की शाम अंबिकापुर मिशन अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले से 6 माह से किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और 4 माह से नियमित रूप से 4 डायलिसिस पर थे। बेहतर इलाज की सुविधा के लिए उन्होंने अपने गृह क्षेत्र लखनपुर के समीप अंबिकापुर में स्थानांतरण की मांग की थी। शासन द्वारा उनका ट्रांसफर 30 जून को अंबिकापुर कर दिया गया था। बावजूद इसके उन्हें रामानुजगंज से कार्यमुक्त नहीं किया गया। श्रवण गोंड लगातार उच्च अधिकारियों से कार्यमुक्ति के लिए गुहार लगाते रहे, किंतु विभागीय उदासीनता के कारण वे बीमारी के बावजूद रामानुजगंज में ही कार्यरत रहे। दीपावली अवकाश से ठीक पहले तक उन्होंने अपनी जिम्मेदारी निभाई और कुछ ही दिनों बाद उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अंबिकापुर लाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। श्रवण गोंड अपने क्षेत्र में मिलनसार, हंसमुख और कर्मठ कर्मचारी के रूप में जाने जाते थे। बीमारी के बावजूद वे अकेले ही बलरामपुर जिला अस्पताल जाकर डायलिसिस करवाते थे। उनके निधन से पूरे राजस्व विभाग सहित कर्मचारी जगत में गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि उन्हें समय पर रामानुजगंज से कार्यमुक्त कर दिया गया होता, तो वे अपने परिवार के बीच रहकर बेहतर इलाज करा पाते और शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी। उनके सहकर्मियों ने बताया कि वह डायलिसिस में हमेशा जाते थे परंतु चेहरे में हमेशा मुस्कान रहती थी एवं कभी इस बात का एहसास नहीं होने दिए कि वह इतनी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं।



### मामूली विवाद पर पिता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**कुसमी।** मामूली विवाद पर युवक ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। आरोपी ने पिता की बेदम पिटाई की और फिर उपचार के लिए अस्पताल भी लेकर नहीं गया। मारपीट से घायल ग्रमीण की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि 24 अक्टूबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम रेहड़ा में राकेश राम नामक युवक ने अपने पिता की हत्या कर दी है और फरार हो गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने राकेश राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि 22 अक्टूबर को रात 10.30 बजे उसकी अपने पिता पतेश्वर से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान आक्रोशित युवक ने हाथ मुक्का और डंडे से पिता की मारपीट की। इस दौरान बीच बचाव करने आई मां झालो बाई की भी उसने पिटाई की। मारपीट के बाद आरोपी घर से फरार हो गया। इधर मारपीट से घायल पिता घर में ही पड़ा रहा, पकड़े जाने के डर से युवक पिता का उपचार कराने के लिए नहीं लेकर गया। 23 व 24 अक्टूबर की दरमियानी रात घायल ग्रामीण की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी राकेश राम को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

अधिकांश गांवों में नहीं बन सकी पानी टंकी

# आधा दर्जन से अधिक गांवों में जल जीवन मिशन का निर्माण अधूरा


हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

चार साल का लंबा समय गुजरने के बावजूद जल जीवन मिशन के अधूरे निर्माण कार्यो की रफ्तार धीमी पड़ी है। सालों का समय गुजरने के बाद भी विकास खंड के आधा दर्जन गांवों में पानी टंकी का निर्माण अधूरा पड़ा है। कई गांवों में पानी टंकी बन गई लेकिन अभी तक आपूर्ति के लिए पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी है। आधे-अधूरे निर्माण के कारण घर-घर स्वच्छ पानी पहुंचाने का सपना कब तक साकार होगा इसका कोई ठिकाना नहीं है।

**खास बात**

- योजना शुरू होने के बावजूद घर-घर नहीं पहुंच रहा पानी

शासन ने घर-घर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने के उद्देश्य से पिछले चार सालों से जल जीवन मिशन योजना का संचालन कर रही है। योजना के तहत गांव-गांव में पानी टंकी का निर्माण कराने के साथ ही घर-घर पाइप लाइन विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। अधिकारियों के निर्देशन में प्रारंभ में ठेकेदारों ने गांव की गलियों में पाइप लाइन का विस्तार कर जगह-जगह चबूतरों का निर्माण करा दिया। बाद में पानी टंकी का निर्माण प्रारंभ किया गया। आधा दर्जन से अधिक गांवों में पानी टंकी का निर्माण पूरा भी नहीं हो सका कि ठेकेदार बोर खनन कर टंकी भरने के लिए पानी की तलाश करने लगे। तीन साल का समय गुजरने के बाद मालूम हुआ कि अधिकारियों ने ऐसे गांव में भी मिशन के निर्माण कार्यों पर करोड़ों रूपए खर्च कर दी जहां भूगर्भ में पर्याप्त पानी तक उपलब्ध नहीं है। मिशन के निर्माण कार्यो के लिए गांवों का चयन करने के पूर्व सर्वे में की गई लापरवाही के कारण भारी-भरकम राशि खर्च होने के बावजूद आधा दर्जन से अधिक गांवों न तो अब तक निर्माण पूरा हो सका है न ही योजना के पूरा होने का कोई ठिकाना है। हालत यह है कि ग्राम जुना कुदर, डूमरडीह के टेनापारा, रबई, चितरपुर, सपड़ा एवं भेड़िया में पिछले एक साल से पानी टंकी का निर्माण अधूरा पड़ा है। अब निर्माण कार्यो में ठेकेदार रुचि नहीं ले रहे है। बताया जा रहा है कि पानी विहीन गांवों में चल रहे मिशन के निर्माण कार्यों का भुगतान रोक दिया है।





अधूरी पानी टंकी, लाइन विस्तार के लिए रखा पाइप।

**ऐसी है हालत**

ग्राम पंचायत कुदर में जल जीवन मिशन का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है लेकिन भूमि टोगरी पारा को प्रारंभ से ही मिशन का पानी नहीं मिल रहा है। गांव में गिनती के ट्यूबवेल व हैंडपंप है जिनसे पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होता। पूर्व में ग्रामीण एक किमी दूर स्थित एक निजी ट्यूबवेल से पानी भरते थे। अब ग्राम पंचायत द्वारा मिशन के अनुपयोगी बोर में मोटर लगाकर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। डूमरडीह के पहाड़ी कोरवा बस्ती टेनापारा में पानी टंकी निर्माण के लिए 3 साल पूर्व गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। ग्राम रबई, चितरपुर, सपड़ा एवं भेड़िया में लंबे समय से पानी टंकी का निर्माण अधूरा पड़ा है।

**होगा भीषण जल संकट**

विकासखंड लुंड्रा के बड़े इलाके में पानी उपलब्ध नहीं है। इन गांवों में न तो कभी वर्षा जल संग्रहण के लिए बांध बनाने की कोशिश हुई न ही जनप्रतिनिधियों ने किस अन्य वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में ही सोचा। विभाग के अधिकारियों द्वारा ऐसे गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए आसपास के क्षेत्रों में ट्यूबवेल खनन करा पानी पहुंचाने अथवा समूह जल योजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति करने की बात लंबे समय से कही जा रही है लेकिन अभी इसकी पहल प्रारंभ नहीं हुई है। यही हाल रहा तो आगामी गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भविष्य के इस संकट से बेखबर है।

**रोका गया है निर्माण**

शासन के निर्देश पर जल विहीन गांवों में मिशन के निर्माण कार्यो को रोक दिया गया है। ऐसे गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

-मुकेश गुप्ता
सहायक यंत्री पीएचई



## किसानों की खुशहाली के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित : राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज सूरजपुर जिले के ग्राम लांजित, रैसरा और सम्बलपुर सेमरा में आयोजित जलाशय जीर्णोद्धार कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर विकास कार्यों की शुरुआत की।

- लांजित, रैसरा और सम्बलपुर में जलाशय जीर्णोद्धार कार्यों का किया भूमिपूजन

लांजित में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की खुशहाली और सिंचाई संसाधनों के विस्तार के लिए सतत कार्य कर रही है। जलाशयों के जीर्णोद्धार से किसानों को स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे कृषि उत्पादन को नई दिशा और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्प है। किसानों की आय में वृद्धि और सिंचाई सुविधा का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। 1986 में निर्मित लांजित जलाशय लगभग 39 वर्ष पुराना है, जो लंबे समय से क्षेत्र के किसानों को खरीफ फसलों के लिए सिंचाई सुविधा प्रदान करता रहा है। बांध की कुल लंबाई 435 मीटर तथा जल भराव क्षमता 24.95 मिलियन क्यूबिक फीट है। इस जलाशय से दो नहरें निकलती हैं। बाईं नहर 1650 मीटर एवं दाईं नहर 3390 मीटर लंबी है। जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने पर जलाशय अपनी रूपांकित सिंचाई क्षमता 240 हेक्टेयर प्राप्त करेगा, जिससे अधिक किसानों को लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा इस जलाशय के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य हेतु 258.55 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शराब पीने बेटे ने पैसा नहीं दिया तो पिता ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** शराब पीने के लिए बेटा द्वारा पैसा नहीं देने से नाराज हुए पिता ने नशे की हालत में कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव सलका निवासी गुलाब आ. कैलाश (55 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 13 अक्टूबर को बेटा गौतम के घर नशे की हालत में गया और शराब पीने के लिए पैसा की मांग करने लगा तो गौतम ने मना कर दिया। पैसा नहीं देने पर गुलाब घर से डगमला पारा चला गया। इसी बीच शराब के नशे में कीटनाशक पीकर पुलिया पर सो रहा था। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे भटगांव अस्पताल से सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## जीवन दीप समिति की बैठक

**भैयाथान।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभा कक्ष में जीवन दीप समिति की बैठक भटगांव विधायक एवं महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। बैठक की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन से की गई। बीएमओ राकेश सिंह ने बैठक में डॉक्टरों की कमी को दूर करने, चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ के लिए आवासीय भवन, जांच की संख्या बढ़ाने सहित कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। बैठक में वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में अस्पताल परिसर में नवीन भवन निर्माण, गार्डन, सफाई कर्मियों की नियुक्ति, लिफ्ट की मरम्मत, तीन बोरवेल, बाउंड्री वॉल, सौंदर्यीकरण, पाँच वाटर कूलर, शव वाहन एवं मर्चरी निर्माण जैसी आवश्यक सुविधाएं बहाल करने हेतु कार्य योजना में शामिल की गईं। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस अवसर पर ब्लड बैंक भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह, सुलोचनी पैकरा, राजीव प्रताप सिंह, सुनील साहू, शांतनु गोयल, लालचंद शर्मा,राकेश पाठक,अनिमेष दुबे,अमन प्रताप सिंह, संदीप दुबे, अभय गुप्ता, रूपेंद्र कुशवाहा, नितिन कुशवाहा,अखंड सिंह,आयुष अग्रवाल,अभिषेक गुप्ता, डॉ केडी पैकरा, विनय गुप्ता, डॉ राकेश सिंह, अमित ताम्रकार,कंचन जायसवाल, तोपन सिंह दायमा, रामकुमार सिद्दार सहित काफी संख्या में मितानिन व अस्पताल स्टाफ मौजूद रहे।



## मंत्री ने दो शोकाकुल परिवारों से की मुलाकात

**भैयाथान।** भटगांव विधायक एवं महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शनिवार को भैयाथान प्रवास पर रहीं। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के दो शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। मंत्री राजवाड़े ने ग्राम समौली पहुंचकर भाजपा नेता विराट प्रताप सिंह की दादी स्व. लक्ष्मी सिंह के शोक कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम दर्रीपारा निवासी स्व. चंद्रगुप्त देवांगन के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और पांच हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। इस दौरान सुनील साहू, शांतनु गोयल, शिव पांडेय, अमन प्रताप सिंह, संदीप दुबे, अभय गुप्ता, रूपेंद्र कुशवाहा, अखंड प्रताप सिंह, आयुष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## लोकार्पण की आस में धूल खा रहा अटल परिसर

**राजपुर।** अटल परिसर का निर्माण कराने के बाद अधिकारी इसका लोकार्पण कराना भूल गए। आलम यह है कि लाखों रुपए की लागत से निर्मित अटल परिसर में पूर्व पीएम अटल विहार वाजपेयी की प्रतिमा धूल खा रही है लेकिन अधिकारियों ने अब तक इसके अनावरण को लेकर रूचि नहीं दिखाई। बता दें कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधोसंरचना मद से प्रदेश भर में अटल परिसरों के निर्माण की योजना बनाई गई थी, जिसके तहत नगर पंचायत राजपुर में भी अटल परिसर निर्माण की स्वीकृति मिली थी।

शासन की मंशा थी कि यह परिसर जनसुविधा और प्रशासनिक गतिविधियों के लिए एक प्रमुख केंद्र बने। राजपुर नगर पंचायत का अटल परिसर अब तक लोकार्पण की आस में धूल फांक रहा है। परिसर में स्थापित अटल जी की प्रतिमा में भी कई विसंगतियां बताई जा रही हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी की मनमानी और परिषद एवं पीआईसी सदस्यों के साथ समन्वय की कमी के कारण न केवल अटल परिसर का कार्य अधूरा है बल्कि कई अन्य विकास कार्यों की गति भी प्रभावित हुई है। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते विभाग और प्रशासन प्रभावी कदम नहीं उठाते हैं, तो यह महत्वाकांक्षी योजना अपनी उपयोगिता खो सकती है।




**जल्द किया जाएगा लोकर्पण**

विलंब नहीं हुआ है जनप्रतिनिधियों का दौरा कार्यक्रम के चलते उनके पास समय नहीं मिल पा रहा है। अटल परिसर का लोकार्पण जल्द कर लिया जायेगा।

-रविंद्र लाल, सीएमओं नगर पंचायत राजपुर

## लो-प्रेशर के प्रभाव से आसमान पर छाए बादल, बढ़ी उमस

**अम्बिकापुर।** खाड़ी से लगातार नमी पहुंचने के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है। खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर के प्रभाव से आगामी चार दिनों तक मौसम के प्रभावित रहने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मानसून की वापसी के बाद अभी गुलाबी ठंड की शुरूआत ही हुई थी कि बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर में हलचल होने लगी। इसके पूर्व खाड़ी एवं अरब सागर में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पिछले एक सप्ताह से मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। हालांकि इस बदलाव का असर दक्षिण भारत में अधिक था।

वर्तमान में खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय है जिसके भविष्य में चक्रवाती तूफान के रूप में सक्रिय होने की संभावना है। लो प्रेशर के प्रभाव से लगातार खाड़ी से नमी पहुंच रही है जिससे आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ गई है। मौसम में आए बदलाव से उमस बढ़ गई है। उमस से राहत के लिए न केवल दिन में बल्कि रात में भी लोगों को पंखा एवं कूलर चलाना पड़ रहा है। मौसम विज्ञानी 29 नवम्बर तक मौसम के प्रतिकूल रहने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर के 25 अक्टूबर को अवदाब में एवं 27 अक्टूबर को चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। चक्रवाती तूफान खाड़ी में दक्षिण-पश्चिम एवं पश्चिम दिशा में अग्रसर होगा जिसके प्रभाव से सरगुजा सहित राज्य के अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 30 अक्टूबर को चक्रवाती तूफान के कमजोर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। इधर अरब सागर में भी एक अवदाब सक्रिय है जिसके उत्तर एवं उत्तर पूर्व की ओर बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। बादलों की आवाजाही बढ़ने से तापमान में भी वृद्धि दर्ज की गई है।

## धान खरीदी के पूर्व सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने कलेक्टर ने ली बैठक

**सूरजपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन 15 नवम्बर से किया जाना है। जिसके संबंध में धान खरीदी की निगरानी, नियंत्रण, बारदाना व्यवस्था एवं व्यवस्थित खरीदी हेतु जिले के समस्त 54 धान उपार्जन केंद्रों के लिए जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समस्त धान उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारी, खरीदी प्रभारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को धान उपार्जन की आरंभिक तैयारी के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। धान उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारियों को पात्र किसानों से निर्धारित गुणवत्ता का धान उपार्जन करने, बोरे की मानक स्टेकिंग करने, कोचिये एवं बिचौलियों के द्वारा धान खपाने से रोक लगाए जाने तथा नियमित भौतिक सत्यापन एप के माध्यम से धान के स्टॉक का वेरिफिकेशन करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में गिरदावरी हेतु आवंटित खसरे के निरीक्षण भौतिक सत्यापन एप के माध्यम से किए जाने के निर्देश दिए गए। सभी नोडल अधिकारियों को आवंटित उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण 28 अक्टूबर तक कर 33 बिंदुओं के चेक लिस्ट के आधार पर की गई तैयारी की जानकारी चेक लिस्ट तथा भौतिक सत्यापन एप के माध्यम से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उपार्जन केंद्र प्रभारी तथा कंप्यूटर ऑपरेटर को समितिवार एग्रीस्टैक पंजीयन में व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त किसानों तथा कैरी फॉरवर्ड नहीं किए गए किसानों के संबंध में विस्तृत समीक्षा किया गया। साथ ही कलेक्टर द्वारा प्रत्येक उपार्जन केन्द्रों में किसानों के विश्राम हेतु किसान कुटीर में पेय जल, पंखा, फस्ट ऐड बाक्स, टेलिविजन एवं शैचालय की उचित व्यवस्था अनिवार्यतः सुनिष्चित कराने के निर्देश दिए दिए है।

## मधुमक्खियों के हमले से घायल हुए प्राइवेट क्लिनिक संचालक की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम गोविंदपुर- कुमदा कॉलरी में दवा दुकान के साथ प्राइवेट क्लिनिक का संचालन करने वाले भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुशांत विश्वास पिता प्रियनाथ विश्वास 49 वर्ष की शनिवार की दोपहर मधुमक्खियों के अचानक हमले से मौत हो गई है।

- शनिवार को करमपुर गांव के माझापारा बस्ती में एक बीमार ग्रामीण को इंजेक्शन लगाने गये हुए थे

बताया गया कि वे शनिवार को दोपहर में कुमदा कॉलोनी गोविंदपुर से सटे करमपुर गांव के माझापारा बस्ती में मरीज को इंजेक्शन लगाने गए हुए थे,इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उनपर हमला कर दिया,घायल अवस्था में वे किसी तरह से वहां से भागकर सीधे अपने क्लीनिक पहुंचे और वहां इसकी दवाई खोज रहे थे,दवाई नहीं मिलने के बाद वे किसी परिचित का सहयोग लेकर सीधे बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, यहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया लेकिन उनका पल्स रेट लगातार कम हो जा रहा था जिस कारण चिकित्सकों ने उन्हें अंबिकापुर रेफर कर दिया,अंबिकापुर में लाइफ लाइन अस्पताल में चिकित्सक ने उपचार की प्रक्रिया शुरू की ही थी कि उनकी अचानक उनकी हार्टबिट रुक जाने से मौत हो गई,बताया गया कि मधुमक्खियों ने उनके पेट, सिर सहित मसूड़े में कई जगहों पर काट लिया था,चिकित्सकों के मुताबिक मसूड़े का जहर ब्लड के जरिये तेजी से शरीर के अन्य हिस्सों में फैल गया और दो से ढाई घंटे बाद दोपहर तीन बजे उनकी मौत हो गई,डॉक्टरी पेशे में अनुभव के आधार पर लंबे समय से जुड़े सुशांत विश्वास का ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी पकड़ थी,प्राइवेट प्रैक्टिस के साथ दवा दुकान का भी पिछले 30 वर्षों के अधिक समय से वह संचालन कर रहे थे,उनका एक 20 वर्ष का पुत्र है जो राजस्थान में पढ़ाई कर रहा है पत्नी संपा विश्वास गोविंदपुर पंचायत की उपसरपंच हैं।




सुशांत विश्वास मूलतः पश्चिम बंगाल के कोलकाता के निवासी थे,उनके शव को फिलहाल बिश्रामपुर अस्पताल के मर्चुरी में रखवाया गया है,रविवार को पुत्र के राजस्थान से लौटने के बाद उनका स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा,घटना से गोविंदपुर कुमदा बस्ती में शोक का माहौल निर्मित हो गया है।

## रजत जयंती पर ब्लॉक स्तरीय पशु मेला एवं चिकित्सा शिविर

**वाड्रफनगर।** छत्तीसगढ़ के रजत जयंती के अवसर पर 17 से 24 अक्टूबर तक आयोजित पशु जागृति पशु मेला एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह, नपं अध्यक्ष मान सिंह, कृषि स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती रिंकू दुबे के आतिथ्य में किया गया।

शिविर में पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। गौ पूजन उपरांत पशु आहार की जानकारी दी गई तथा औषधियों का वितरण किया गया। विधायक ने प्रगतिशील पशुपालकों को मिल्क कैन, कैल्शियम सिरप एवं मिनरल मिक्सचर प्रदान किया गया।





# इमरान हाशमी इस दिन से शुरू करेंगे 'हक' की लड़ाई

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की आगामी फिल्म 'हक' के टीजर को साकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। अब ये फिल्म सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने लोगों की उत्सुकता को बढ़ाने के लिए फिल्म से इमरान और यामी का नया पोस्टर लुक जारी कर दिया है। सुपर्ण वर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज तारीख और ट्रेलर पर अपडेट भी जारी कर दिया गया है। आइए जानें कि ये फिल्म कब रिलीज होगी। फिल्म 'हक' के पोस्टर में यामी का किरदार अपनी गरिमा और अधिकारों के लिए लड़ती एक महिला को दर्शाता है।

लाइफ Style



# अनीत
## 'शक्ति शालिनी' में आएंगी नजर

'सैयारा' से रातों-रात मशहूर हुईं अभिनेत्री अनीत पड्डा अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उन्हें मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म 'शक्ति शालिनी' में देखा जाएगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भले आधिकारिक तौर पर आगामी फिल्म से उनका पोस्टर जारी न हुआ हो, लेकिन फिल्म निर्माता अमर कौशिक ने खुद उनके नाम की पुष्टि कर दी है। उन्होंने यह भी बताया है कि 'शक्ति शालिनी' में अनीत की कास्टिंग कैसे फाइनल हुई। एक बातचीत में फिल्म निर्माता अमर से जब अनीत की कास्टिक के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, जब हम स्क्रिप्ट लिख रहे थे, तब हमें लगा कि हमें एक युवा कलाकार की जरूरत है। उसी दौरान, हमने उनकी फिल्म सैयारा देखी और महसूस किया कि वह उस किरदार के लिए बिल्कुल सही हैं। उन्होंने कहानी सुनी और फिल्म में शामिल हो गईं। उन्होंने बताया कि 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू होगी। अमर से जब पूछा गया कि 'शक्ति शालिनी' का निर्देशन वह करेंगे या आदित्य सरपोतदार, जिन्होंने 'मुंज्या' और 'थामा' का निर्देशन भी किया था ? इस पर उन्होंने कहा, हम अभी भी बातचीत कर रहे हैं और अभी तक फैसला नहीं किया है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म को अगले साल 24 दिसंबर, 2026 को रिलीज किया जाएगा। फिलहाल आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'थामा' सिनेमाघरों में लोगों का मनोरंजन कर रही है।

## हॉलीवुड मसाला




# किम के दिमाग में हुई गंभीर बीमारी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन दिमाग की एक गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। 'द कार्दशियन्स' के सीजन 7 के प्रीमियर के दौरान उन्होंने इसके बारे में खुलासा किया है। अभिनेत्री ने बताया कि वह मस्तिष्क धमनी विस्फार (अनरप्चर्ड ब्रेन एन्यूरिज्म) से जूझ रही हैं। यह एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें दिमाग में मौजूद रक्त वाहिकाओं का हिस्सा कमजोर हो जाता है और उसमें खून भर जाता है। किम ने कहा कि यह बीमारी उन्हें संभवतः उनके पूर्व पति कान्ये वेस्ट के साथ उनके रिश्ते के दौरान हुए तनाव से हुई है।



# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में रैपर बैड बनी का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉर्ड्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं। उनके अलावा किस-किस को अवॉर्ड मिला और किस श्रेणी में मिला, चलिए जानते हैं। दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो' जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉर्ड्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है।



# करोड़ों की मालकिन, कभी किया पीआर का काम


**मुंबई।** परिणीति चोपड़ा 22 अक्टूबर को 37 साल की हो गई हैं। उनका जन्मदिन और खास हो गया है, क्योंकि 19 अक्टूबर को अभिनेत्री ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। मां बनने के बाद परिणीति ने पहली बार इस खास दिन को अपने राजनेता पति राघव चड्ढा के साथ मनाया है। एक वक्त था जब अभिनेत्री पब्लिक रिलेशन्स (पीआर) का काम करती थीं, लेकिन अब वो सिनेमा की सफल अभिनेत्रियों में शामिल हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, परिणीति की कुल संपत्ति कथित तौर पर 74 करोड़ रुपये आंकी गई है। उनके पास मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान घर है, जिसकी कीमत 22 करोड़ रुपये है। उनके गैराज में 1.30 करोड़ की रेंज रोवर वोग, 69.27 लाख की ऑडी क्यू7 और 43.19 लाख की ऑडी क्यू4 मौजूद है।




# 'मस्ती-4' का दूसरा पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** कल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइज़ 'मस्ती' चार गुना अधिक मस्ती, पागलपन और हंसी के साथ एक बार फिर धमाकेदार वापसी के लिए तैयार है। इसी कड़ी में वेवबैंड प्रोडक्शन ने मिलाप मिलन ज़वेरी द्वारा लिखित और निर्देशित 'मस्ती 4' का दूसरा पोस्टर जारी कर दिया है, जिससे बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा कॉमेडी फ्रेंचाइज़ के लिए दर्शकों में उत्साह भी चार गुना बढ़ गया है। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। वेवबैंड प्रोडक्शन और ज़ी स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, मारुति इंटरनेशनल और बालाजी टेलीफिल्म्स के सहयोग से बनी 'मस्ती 4' के निर्माता हैं ए. झुनझुनवाला और शिखा करण अहलूवालिया (वेवबैंड प्रोडक्शन), इंद्र कुमार और अशोक ठाकेरिया, शोभा कपूर और एकता कपूर (बालाजी मोशन पिक्चर्स), और उमेश बंसल हैं।

## टीवी मसाला



# 'मैं हूं ना' के प्रोफेसर से लेकर इंद्रवदन साराभाई तक

### रुला गया सबको हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देने वाला एक किरदार

मुंबई। एक्टर सतीश शाह का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। साराभाई वर्से सारा भाई शो घर-घर में राज करने वाले सतीश शाह ने शनिवार को इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। आइए उनके कुछ आइकॉनिक रोल पर एक नजर डालते हैं। सतीश, भारतीय सिनेमा और टेलीविजन के उन चुनिंदा कलाकारों में से एक थे, जिन्होंने अपनी कॉमिक टाइमिंग और बहुमुखी अभिनय से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उन्होंने चार दशकों से अधिक के अपने करियर में 250 से अधिक फिल्मों और कई हिट टीवी शोज में काम किया। यहां उनकी फिल्मों और टीवी शोज के कुछ सर्वश्रेष्ठ और यादगार किरदारों का जिक्र है।

***इंद्रवदन साराभाई*** : सतीश शाह में इंद्रवदन साराभाई के किरदार में थे, जिनका यह किरदार उनके करियर का सबसे आइकॉनिक और लोकप्रिय रोल माना जाता है। इंद्रवदन एक मजेदार, व्यंग्यात्मक और शरारती गुजराती पति और पिता हैं, जो अपनी बहू मोनिशा को लगातार ताना मारते हैं। रत्न पाठक शाह (माया साराभाई) के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने इस सिटकॉम को कल्ट क्लासिक बना दिया।

***कमिश्नर डी मेलो का किरदार*** : सन 1983 की इस व्यंग्य कॉमेडी फिल्म में सतीश शाह ने भ्रष्ट म्यूनिसिपल कमिश्नर डी'मेलो का किरदार निभाया था। उनका यह रोल हिंदी सिनेमा के सबसे बेहतरीन कॉमिक किरदारों में से एक माना जाता है। खासकर, क्लाइमैक्स में महाभारत के दृश्य में उनका अभिनय आज भी याद किया जाता है।

***दिल वाले दुल्हनियां ले जाएंगे में अजित सिंह का किरदार*** : दुल्हनियां ले जाएंगे इस कल्ट रोमांटिक फिल्म में सतीश शाह ने अजीत सिंह का किरदार निभाया था, जो शाहरुख खान (राज) के पिता का दोस्त होता है। अजीत का राज को यूरोप में गलत काम करने के लिए उकसाना और फिर अपनी बेटी को उसकी हरकतों से बचाना—फिल्म में एक हल्के-फुल्के हास्य का तड़का लगाता है।

### मैं हूं ना में प्रो. देसाई का रोल यादगार

फिल्म 'मैं हूं ना' में उन्होंने साइंस टीचर प्रोफेसर देसाई का रोल किया था, जो क्लास में बच्चों को थूक से चिपकाने की हरकतें करते थे। उनका मजाकिया अंदाज और अजीबोगरीब व्यवहार, विशेष रूप से शाहरुख खान के किरदार के साथ उनके सीन, दर्शकों को बहुत हंसाते हैं।

### कल हो न हो में बने करसन भाई पटेल

इस भावुक फिल्म में सतीश शाह ने करसन भाई पटेल का किरदार निभाया था. यह रोल न्यूयॉर्क में रहने वाले एक सनकी गुजराती अंकल का था, जो अपने सख्त नियमों और मजेदार संवादों के कारण यादगार बन गया। उनका किरदार फिल्म में कॉमेडी का अहम हिस्सा था।

# कुमार सानू का रोमांटिक गाना 'हाय मेरा दिल' रिलीज

**मुंबई।** भारतीय संगीत जगत के प्रसिद्ध गायकों में से एक कुमार सानू का नया रोमांटिक गाना "हाय मेरा दिल" रिलीज होते ही तेजी से वायरल हो रहा है। इस गाने में नब्बे के दशक के संगीत और वर्तमान रूहानी धुन का बेहतरीन



सम्मिश्रण किया गया है, जिससे हर उम्र के श्रोता इसे पसंद कर रहे हैं। गाने के निर्माता संजय बेडीया गिरगांवकर ने इसे संजीव चतुर्वेदी के साथ मिलकर तैयार किया है और यह बेडीया फिल्म म्यूजिक के बैनर तले रिलीज हुआ है।

***कुमार सानू के साथ इनकी आवाज*** : इस रोमांटिक गाने में कुमार सानू की आवाज ने जादू बिखेर दिया है। उनकी मधुर और भावपूर्ण गायिकी ने गाने को खास पहचान दी है। साथ ही महिमा गुप्ता और विश्वास सराफ की आवाज़ ने गाने में नयापन और ऊर्जा का संचार किया है। संगीत संयोजन और संगीत प्रबंधन का काम सारिका चतुर्वेदी ने कुशलतापूर्वक किया है, जिसने गाने को पूरी तरह जीवंत बना दिया है।

***वीडियो का जिम्मा मुनीश कल्याण ने संभाला*** : गाने के वीडियो निर्देशन का जिम्मा मुनीश कल्याण ने संभाला है। उन्होंने रोमांटिक सीन और भावनात्मक भावों को कैमरे में खूबसूरती से कैद किया है। इसके अलावा, कोरियोग्राफर अनुप राय ने गाने में डांस और मूवमेंट को अत्यंत आकर्षक बनाया है। "हाय मेरा दिल" का संगीत और वीडियो दोनों ही सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे हैं। यह आगामी हिट गानों में अपना नाम दर्ज कर चुका है।

# 'मुन्ना भाई 3' का इंतजार होने वाला है खत्म

**मुंबई।** संजय दत्त और अरशद वारसी के करियर की बेहतरीन फिल्मों का जिक्र होता है तो 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' का नाम शामिल जरूर होता है। इस फिल्म ने जहां संजू बाबा बो मुन्ना भाई नाम से मशहूर कर दिया, वहीं अरशद का नाम सर्किट पड़ गया। पिछले काफी समय से दर्शक 'मुन्ना भाई' सीरीज की तीसरी किस्त यानी 'मुन्ना भाई 3' का इंतजार कर रहे हैं। अब अरशद ने इस पर बात कर कुछ खुलासे किए हैं।

***अरशद ने बांधे संजय की तारीफों के पुल*** : अरशद ने संजय दत्त संग काम करने का अनुभव साझा करते हुए कहा, संजू कमाल के एक्टर हैं। उनमें एक अलग ही किस्म का टैलेंट हैं। उनके साथ रहना अपने आप में बहुत मजेदार था।



मुझे खुद स्क्रिप्ट याद रखने में बड़ी दिक्कत होती है, लेकिन संजू की वजह से मुझे पूरी फिल्म की कहानी याद रखनी पड़ती थी, क्योंकि हर दिन वो सेट पर आकर पूछते थे, भाई, आज हम कौन-सा सीन कर रहे हैं?

***'मुन्ना भाई 3' पर काम कर रहे हिरानी :*** *अरशद बोले, मैं संजू को बताता था कि कल हमने ये सीन किए, आज ये सीन करने हैं। वो कहते थे क्या यार, लेकिन ये अनुभव बड़ा शानदार था और पर्दे पर जो हुआ, वो जादू जैसा था। अरशद से हर बार की तरह 'मुन्ना भाई 3' पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, पहले ये नहीं बन रहा था, लेकिन अब राजकुमार हिरानी तीसरे भाग पर काम कर रहे हैं। वो सचमुच इस पर बहुत मेहनत कर रहे हैं।*

***हिरानी भी लगा चुके तीसरी किस्त पर मोहर :*** *अरशद बोले, मुझे लग रहा है कि अब तो ये फिल्म बननी चाहिए। पिछले साल हिरानी ने भी कहा था कि उनके पास एक खास आइडिया है और वो तीसरे भाग पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उधर साल 2023 में अरशद ने ये कहते हुए प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया था कि 'मुन्ना भाई 3' अब शायद कभी ना बने, क्योंकि हिरानी तब ही फिल्म शुरू करेंगे, जब उन्हें स्क्रिप्ट (कहानी) पर 200 प्रतिशत यकीन होगा। इसका दूसरा भाग 'लगे रहो मुन्ना भाई' साल 2006 में रिलीज हुआ था।*

## उनकी आवाज के जादू ने बिहार के सैकड़ों कलाकारों को किया प्रेरित

# नहीं रहीं भोजपुरी की 'बिजली रानी', दोनों किडनी हो गईं थीं फेल

*मुंबई। एक मशहूर नाम बिजली रानी। भोजपुरी का वो सितारा जिसके मंच पर आने मात्र से पूरा मैदान थिरकने लगता था। उनके साटे (शो) में तिल रखने की जगह नहीं होती थी। आवाज में खनक और नृत्य में लचक की मालकिन'बिजली रानी' अब इस दुनिया में नहीं रहीं। वह शुक्रवार 24 अक्टूबर को 70 साल की उम्र में देवलोक के लिए रवाना हो गईं। उनका देहांत रोहतास जिले के नटवर गांव में उनके पैतृक आवास पर हुआ। बिजली रानी काफी लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनकी दोनों किडनी फेल हो चुकी थीं। बिजली रानी की मौत की खबर सामने आते ही भोजपुरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है।*



### कौन थीं बिजली रानी?

बिजली रानी का जन्म रोहतास जिले के नटवर गांव में हुआ था। 80 और 90 के दशक में वो भोजपुरी रंगमंच की पहचान बन चुकी थीं। भोजपुर और शाहाबाद क्षेत्र में उनके डांस और गायिकी के कद्रदानों की लंबी फौज थी। बिजली रानी को थियेटर की शान कहा जाता था। उस दौर में कोई शादी-ब्याह, मेले या स्टेज शो को तब तक पूरा नहीं माना जाता था, जब तक कि वहां बिजली रानी का ठुमका ना पड़ जाए।

### सिर्फ बड़े घराने ही करा पाते थे बुकिंग

उनके साटे यानी शो के रेट इतने ऊंचे थे कि सिर्फ बड़े घराने के लोग ही बुक कर पाते थे। बिजली रानी जहां भी जाती थीं स्टेज पर बिजली गिरा देती थीं। कई भोजपुरी फिल्मों और एलबम में काम किया। उनकी आवाज और उनकी हर अदा पर दर्शक झूम उठते थे। उनकी आवाज के जादू ने बिहार के सैकड़ों कलाकारों को प्रेरित किया।

### दोनों किडनी हो गई थी फेल

बिजली रानी की दोनों किडनी फेल हो गई थी। परिवार के लोग अस्पताल के चक्कर लगा-लगाकर परेशान हो उठे। बीमारी की वजह से घर की आर्थिक स्थिति भी डंवाडोल हो गई। जब कहीं से मदद नहीं मिली तो बिजली रानी की बेटी ने स्थानीय मीडिया से मदद की गुहार लगाई।

### पवन सिंह ने की मदद

जब ये खबर भोजपुरी के पावर स्टार कहे जाने वाले पवन सिंह ने सुनी तो उन्होंने आगे आकर बिजली रानी की मदद की। पवन सिंह ने बिजली रानी का लखनऊ में दो महीने तक इलाज कराया। पवन सिंह बिजली रानी को चाची कहते थे। पवन सिंह के साथ बिजली रानी की तस्वीर भी सामने आ थी जिसमें वे उनके साथ बैठे दिखाई दिये।

**खबर संक्षेप**

### बाइक सवार को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, एक की मौत

**रायगढ़।** घरेलू सामान लेकर घर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना में जहां एक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे को इलाज के लिए गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार चनेश सारथी निवासी बिलईढ़ोढ़ी ग्राम पंचायत कोट छाल ने कापू थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया की बीती रात करीब 7 बजे उसका चाचा मगन सारथी एवं मामा देवनाराण सारथी दोनो घरेलू काम से सामान लेने कापू आए थे। जहां से सामान लेने के बाद बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। बाइक सवार दोनों जब पत्थलगांवखुर्द भुण्डीबहरी मेन रोड़ किनारे पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दोनों को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चला रहे मगन सारथी की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पीछे बैठे देवनारायण को काफी चोट आई है, जिसे कापू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल परिजनों की रिपोर्ट के बाद कापू पुलिस आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार

**रायगढ़।** आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के कारोबार में शामिल व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आबकारी विभाग को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कोड़पाली थाना पुसौर में अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब का भंडारण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर आबकारी टीम ने छापेमारी की। जिसमें घनश्याम चौहान के रिहायशी मकान के एक कमरे से 8 लीटर ओडिशा राज्य निर्मित बरगद छाप अवैध महुआ शराब बरामद की गई, जिसका बाजार मूल्य लगभग 1,600 रुपए प्रति लीटर आंका गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक रागिनी पटेल के त्वरित और कुशल नेतृत्व मार्गदर्शन एवं समन्वित प्रयासों की विशेष भूमिका रही।

### मधुसूदनपल्ली जुआ अड्डा से सात जुआरी गिरफ्तार

**राउरकेला।** शहर के प्लांटसाइट थाना की पुलिस टीम ने शुक्रवार की शाम मधुसूदनपाली क्षेत्र में छापेमारी कर जुआ खेलते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 8050 नकद, पांच मोबाइल फोन और एक ताश की गड्डी बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बाबलू हाताई 45, संतोष प्रधान 46, चारो ओराम 46, कृष्णा हाताई 33, संतोष बहादुर 40, सोनू कुमार साहू 36 और गोपीनाथ साहा 52 के रूप में हुई है। सभी आरोपी मधुसूदनपाली, थाना प्लांटसाइट, जिला सुंदरगढ़ के निवासी हैं। पुलिस जांच में पता चला कि कुछ आरोपी पहले भी इसी तरह के मामलों में लिप्त रहे हैं। बाबलू हाताई चारो ओराम, संतोष बहादुर और सोनू साहू के आपराधिक अभिलेख की जांच की जा रही है, जबकि संतोष प्रधान, कृष्णा हाताई और गोपीनाथ साहा के खिलाफ पूर्व में भी जुआ अधिनियम थ्री ओपीजी एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। प्लांटसाइट थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ।

शिकायत मिलने पर संबंधितों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

# अवैध धान खरीदी को लेकर प्रशासन सख्त, बार्डर पर रहेगी पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होगी। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन की पारदर्शी एवं सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में दो पालियों में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान धान उपार्जन नीति, व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर, तुंहर टोकन, उड़नदस्ता दल गठन, चेक पोस्ट सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने धान खरीदी व्यवस्था से जुड़ी नीतियों, प्रक्रियाओं एवं दिशा निर्देशों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्री साय की मंशानुरूप धान खरीदी प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। सभी अधिकारी इस प्रशिक्षण को गंभीरता से ले, ताकि शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और धान खरीदी कार्य को बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक संपादित करने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि खरीदी व्यवस्था समयबद्ध, पारदर्शी और किसानों के लिए पूरी तरह सुविधाजनक हो। प्रशिक्षण में जिले के सभी संबंधित अधिकारी एवं धान खरीदी से जुड़े विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सभी उपार्जन केन्द्रों में निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि इंटरस्टेट बार्डर, कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखा जाए, ताकि उपार्जन केंद्रों में किसी भी प्रकार से धान की अवैध बिक्री न किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधितो के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं धान खरीदी के नोडल अधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने बताया कि एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन कार्य जारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के कोई भी पात्र किसान समर्थन मूल्य पर धान विक्रय से वंचित नहीं होना चाहिए। शत प्रतिशत कृषकों का निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीयन पूर्ण करें।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे, अपर कलेक्टर रवि राही सहित जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक, कृषि विकास अधिकारी एवं मंडी सचिव उपस्थित रहे। खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने जानकारी दी कि किसानों से धान की नगद व लिकिंग में खरीदी 15 नवम्बर से शुरू होगी, जो 31 जनवरी 2026 तक की जाएगी। इस वर्ष भी किसानों से धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ लिकिंग सहित निर्धारित की गई। इस वर्ष जिले के 69 समितियों के 105 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। रायगढ़ जिले में 10 स्थानों पर अंतराज्जीय चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहाँ से अवैध धान के आवाजाही पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए चार टीमों की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। जिनके द्वारा 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी। ऐग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत किसानों से भारत सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप धान की खरीदी की जाएगी। कृषकों की ऋण पुस्तिका के आधार पर पोर्टल आईडी से खरीदी की जाएगी, जिससे किसानों को उपार्जन केन्द्रों में ऋण पुस्तिका लाने की आवश्यकता नहीं होगी।

#### कोचिया और बिचौलियों पर रहेगी सख्त निगरानी

धान उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मंडी अधिकारियों द्वारा कोचिया और बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। यदि कोई कोचिया या बिचौलिया पंजीकृत किसानों के नाम पर धान खपाने का प्रयास करता पाया जाता है,तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संबंधित वाहन और धान जब्त किए जाएंगे, तथा आवश्यकतानुसार कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।



## चीफ जस्टिस ने किया अनुभागों का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ न्यायिक अधिकारियों से की चर्चा, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर दिया बल

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा शुक्रवार को रायगढ़ पहुंचे। उनके आगमन पर जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन, न्यायिक अधिकारीगण, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी तथा एसपी दिव्यांग पटेल ने भी मुख्य न्यायाधिपति का स्वागत करते हुए न्यायालयीन कार्यों की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधिपति ने जिला न्यायालय के विभिन्न अनुभागों का अवलोकन किया तथा न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक में लंबित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने, पुराने मामलों के शीघ्र निराकरण और न्याय वितरण प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सभी अधिकारीगण समर्पित भाव से कार्य करें। मुख्य न्यायाधिपति ने न्यायालयीन भवनों के रख रखाव और स्वच्छता व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित न्यायालयीन वातावरण से न केवल कार्यकुशलता बढ़ती है, बल्कि न्याय पाने आने वाले नागरिकों में भी विश्वास सुदृढ़ होता है। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ रायगढ़ की ओर से मुख्य न्यायाधिपति का स्वागत किया गया।

## अमलीपाली प्रायमरी स्कूल जर्जर दूसरे के घर में बच्चों की पढ़ाई

■ प्रधान पाठक लगा चुके हैं कई बार अर्जी, नहीं मिला नया भवन



**कटेली।** बरमकेला के ग्राम पंचायत नावापारा के आश्रित ग्राम अमलीपाली के डीपापारा प्रायमरी स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। छत से पानी टपकता है दीवारों में दरारें पड़ गई हैं और प्लास्टर टुकड़ों में गिर रहा है। बरसात के दिनों में बच्चों को कक्षाओं में बैठाना खतरे से खाली नहीं है।

प्रधान पाठक देवेंद्र कुमार नायक ने बताया कि स्कूल में 17 छात्र अध्ययनरत हैं। भवन की जर्जर स्थिति के चलते गांव के ही राजकुमार भोय के घर में फिलहाल कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण को लेकर विभागीय अधिकारियों को कई बार आवेदन दिया गया, पर अब तक स्वीकृति नहीं मिली। ग्रामीणों और पालकों के सहयोग से बच्चों की पढ़ाई किसी तरह जारी है। गांव के लोगों ने निःशुल्क मकान उपलब्ध कराकर शिक्षा का सिलसिला जारी रखा है, ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। प्रबंध समिति के अध्यक्ष भागीरथी भोय ने बताया कि पूर्व में समिति की बैठक में भवन की स्थिति पर चर्चा कर नया भवन स्वीकृत कराने का प्रस्ताव पंजी में पास कर विभाग को भेजा गया थाए लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में बरमकेला बीईओ ने बताया कि स्कूल भवन से संबंधित जानकारी और पत्र प्राप्त हुआ है। उच्च अधिकारी को भेज दिया है। जैसे ही भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त होगी निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

#### ग्रामीणों की मांग बच्चों को चाहिए सुरक्षित भवन

ग्रामीणों, पालकों और शिक्षकों ने शासन-प्रशासन से निवेदन किया है कि अमलीपाली प्राथमिक शाला के लिए नवीन भवन शीघ्र स्वीकृत कर निर्माण कार्य आरंभ किया जाए ताकि बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण में शिक्षा मिल सके।

### रजिस्ट्री पर रोक, राजस्व मंत्री से हटाने की मांग

**कटेली।** बलोदाबाजार से सारंगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित होने के बाद से 30 गांव में जिसमे सारंगढ़ मुख्यालय के भी सम्पूर्ण खसरे की रजिस्ट्री व समस्त ऑनलाइन सुधार कार्य पर भी रोक लगा दिया गया है। जिससे कृषकों के साथ क्षेत्र के सारे नागरिकों को परेशानी हो रही है, क्योंकि किसी को कई आवश्यक कार्यों हेतु रजिस्ट्री करवाना है किसी का पुराना डायवर्सन आदेश है पर जमीन अभी भी कृषि में दिखा रहा है उन्हे होम लोन लेना है इन नागरिकों को भी अभी भरी परशानियो का सामना करना पड़ रहा है। जिसके संबंध में कई भाजपा नेताओं ने भी शहरी क्षेत्र के इस रोक को अनावश्यक बताते हुए इसे तत्काल हटवाने की मांग जिला प्रभारी मंत्री से करने की बात कही जिसमे जिला महामंत्री रिंकु तिवारी इत्यादि प्रमुख हैं। प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक थवाईत सचिव किशोर मनहर उपाध्यक्ष गौतम बंजारे इत्यादि ने प्रभारी मंत्री को रोक हटाने की मांग की।

## मेडिकल कॉलेज की बदहाल व्यवस्था : चमकदार इमारत के भीतर खोखली स्वास्थ्य सेवा



■ रेडियोलॉजी विभाग में केवल एक डॉक्टर संभाल रहे तीन जिम्मेदारियां

**सुंदरगढ़।** 417.77 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सुंदरगढ़ मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल आज अपनी अव्यवस्था और स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा है। यह संस्थाएं जिसे प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया था, अब राज्य की चिकित्सा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति उजागर कर रही है। सबसे गंभीर स्थिति रेडियोलॉजी विभाग की है जहाँ पूरे विभाग का कार्यभार केवल एक सहायक प्रोफेसर संभाल रहे हैं।

डॉक्टर मेडिकल छात्रों को पढ़ाते हैं, एक्स रे करते हैं और सप्ताह में केवल एक दिन एमआरआई की सुविधा प्रदान करते हैं। इस कारण गंभीर मरीजों को समय पर जांच नहीं मिल पा रही है और उन्हें संबलपुर, बुरला या राउरकेला तक जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ और मानसिक परेशानी दोनों बढ़ रही हैं। अस्पताल प्रशासन ने इस समस्या को लेकर कई बार सरकार और विभागीय सचिव को पत्र लिखा, परंतु नई नियुक्ति अब तक नहीं हो पाई है। अधीक्षक डॉ. निर्मल कुमार साहाणी ने भी स्वीकार किया कि एकमात्र डॉक्टर के कंधे पर तीन जिम्मेदारियाँ हैं और एमआरआई सेवा के लिए लंबे समय से अतिरिक्त स्टाफ की मांग की जा रही है। रेडियोलॉजी ही नहीं बल्कि अन्य विभागों की स्थिति भी निराशाजनक है। 20 स्वीकृत विभागों में से केवल 10 ही चालू हैं वह भी पूर्ण रूप से कार्यरत नहीं। 500 बिस्तरों वाले इस विशाल अस्पताल में अब तक आईसीयू और ट्रॉमा केयर यूनिट चालू नहीं हो सके हैं। हाल ही में केवल 5 वेंटिलेटर लगाए गए हैं, जबकि गंभीर मरीजों को अभी भी रेफर करना पड़ता है। जनवरी 2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करते हुए इसे ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के मरीजों के लिए वरदान बताया था। दो वर्ष बाद भी यह अस्पताल सुविधाओं के अभाव में जूझ रहा है बाहर से भव्य और भीतर से बेहाल, यह सुंदरगढ़ मेडिकल कॉलेज प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर पेश कर रहा है।

## महापौर ने की वार्डों में हो रहे निर्माण कार्यों की जांच

**रायगढ़।** वार्ड क्रमांक 41 और 35 में निर्माणाधीन सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों में लापरवाही की शिकायत मिलने पर महापौर जीवर्धन चौहान ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर निगम के विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ एमआईसी सदस्य मुक्तिनाथ बबुआ, अमित शर्मा, वार्ड 31 की पार्षद तिर्निशा चौहान, मंडल अध्यक्ष शैलेश माली, विजय चौहान, एई अशोक सिंह एवं सब इंजीनियर दिलीप कुमार उपस्थित रहे। महापौर चौहान ने ठेकेदारों को स्पष्ट करते हुए कहा कि श्कार्य में लापरवाही सहित निर्माण के लिए आवश्यक एवं निर्धारित माप दंडों का उल्लंघन किए जाने पर विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। विदित हो कि वार्ड नंबर 41 के तुरकुमुड़ा क्षेत्र में सीसी सड़क निर्माण की शिकायत नागरिकों ने सीधे महापौर से की थी। इस पर उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर कार्य की गुणवत्ता जांची। कार्य असंतोषजनक पाए जाने पर महापौर ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। यह कार्य आरएच कंस्ट्रक्शन, लोचन नगर द्वारा किया जा रहा है।

## अभा अघरिया समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान



**तमनार।** अखिल भारतीय अघरिया समाज तमनार की ओर से अघरिया सदन में 23 अक्टूबर को यादलाल नायक की अध्यक्षता में 2025 में 10 वीं के 90 प्रतिशत से अधिक अंक वाले प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को अभिनंदन पत्र स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही 2024-25 नव विवाहित जोड़ों को विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम ईष्टदेव कृष्ण भगवान की पूजा अर्चना कन्हैया जय अघरिया जयघोष के साथ अतिथियों, प्रतिभाशाली बच्चों एवं उनके माता पिता को पुष्पहार से स्वागत किया गया। अध्यक्ष श्री नायक ने कहा कि हमारे समाज में सभी क्षेत्र के प्रतिभाओं का सम्मान किया जाता है। अघरिया समाज तमनार के अध्ययन, कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच व कर्तव्यनिष्ठ उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया है। साथ ही 10 वीं 12 व में 90फीसदी से अधिक अंक पाने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया है, जिससे समाज के अन्य बच्चे भी प्रेरणा लेकर उत्साहित हो। राष्ट्रीय महासचिव बिहारी लाल पटेल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार चौधरी, बंशीधर चौधरी, किंकर चौधरी, हेमलाल पटेल, योगेश कुमार नायक, तीर्थानंद पटेल व अन्य ने बच्चों को प्रोत्साहित करते कहाकि अपने रुचि के क्षेत्र में अनुशासित समय का सदुपयोग लक्ष्य निर्धारण कर कठिन परिश्रम करने से सफलता अवश्य मिलती है। आनन्दपूर्वक अपने लक्ष्य को पाने तल्लीन रहना चाहिए। सम्मानित होने वाले बच्चों में कु. प्रेक्षा नायक युगेश कुमार नायक, कु. अनुराधा पटेल, दिनेश कुमार पटेल, कु. जान्हवी पटेल, नीलाम्बर पटेल, कु. सिंधुलता पटेल, खीरसागर पटेल, महलोई, सागर पटेल, भीम पटेल, हितेंद्र पटेल, सुरेन्द्र पटेल, पुनीत पटेल, हेमानन्द पटेल, हेमा पटेल, कु. तनुजा नायक, प्रेम प्रकाश नायक, कु. श्रुति पटेल, मदन लाल पटेल, कु. टिकेश्वरी नायक, धरम राज नायक को सम्मानित किया गया।

## किसानों को दी गई आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत महोत्सव के अंतर्गत बिलाईगढ़ कृषि विभाग द्वारा ग्राम परसापाली स्कूल प्रांगण में किसान गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल चक्र, तिलहन खेती एवं सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में किसानों को फसल विविधिकरण अपनाने तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बल मिल सके। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष जयशंकर साहू, सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनवानी, जनपद सदस्य जयशंकर नाग, भारतीय किसान संघ महासचिव डोल कुमार जायसवाल, सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पीके घृतलहरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राम गुलाल साहू, शेखर सुमन सिंह रात्रे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, प्रकाश कुमार थवाईत बीटीएम सहित समस्त कृषि विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा। इसके साथ ही ग्राम परसापाली व गारडीह के सरपंच, पंच एवं बड़ी संख्या में कृषकगण भी मौजूद रहे।

नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

# बेस ऑयल के अवैध भंडारण की होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि बारिश का सीजन समाप्त हो गया है। जिले में चल रहे सभी विकास एवं निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र गति प्रदान करते हुए उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों की नियमित निगरानी और गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित करें, ताकि समय सीमा के भीतर परिणाम दिखाई दें। कलेक्टर ने जिले में बेस ऑयल की बिक्री पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बेस ऑयल के अवैध भंडारण और विक्रय पर सख्त निगरानी रखी जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान विभागवार कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार से लापरवाही एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जनदर्शन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

#### राज्योत्सव तैयारी की समीक्षा

कलेक्टर ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 2 से 4 नवम्बर तक जिला मुख्यालय के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को रजत जयंती वर्ष पर आयोजित होने वाली राज्योत्सव की सम्पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगाए जाने वाले विभागीय स्टॉल की तैयारी की भी जानकारी ली और सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को दायित्वों को बेहतर निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, रवि राही सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य शिविर में 515 ग्रामीणों को मिला लाभ

**रायगढ़।** आयुर्वेद औषधालय बुनगा के तत्वाधान में डॉ अजय नायक के नेतृत्व में हर महीने स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को जन जन तक पहुँचाना है। छग शासन की मंशा यही है कि प्रत्येक व्यक्ति निरोगी रहे, सुखमय जीवन व्यतीत करें। जिसके लिए शासन विभिन्न प्रकार के योजनाएं चला रही है। बुनगा क्षेत्र में सतत स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविरो से गांव के महिलाए वृद्ध एवं असक्षम लोग लाभ उठा रहे हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति सिर्फ उपचार ही नहीं अपितु स्वस्थ जीवन जीने के राह प्रसस्त करता है। औषधि सेवन के साथ साथ परहेज भी जरूरी है तभी रोग का समुचित शमन होता है।

